बिहार विधान परिषद

(201वां मानसून सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

29 जून 2022

[सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी].

Total Short Notice Question- 11

पथ की मरम्मती

*20 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि एन.एच.- 104 में फत्तहपुर पथ से शिवहर नगर की कुंजगली होते हुए शिवहर बाजार तक जाने वाली सड़क जर्जर एवं क्षतिग्रस्त होने के कारण खतरनाक बन गई है;

(ख) क्या यह सही है कि शिवहर शहर में जाम लगने के कारण ये सड़क बाईपास का काम करती है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन जाने के कारण बराबर दो पहिया वाहन सवार दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराकर कालीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

शौचालय का उपयोग

*21 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पावन गंगा को निर्मल बनाये रखने के लिए पटना के कलेक्ट्रेट घाट, अंटा घाट, अदालत घाट, गांधी घाट, बरहवा घाट, गोखुलपुर बालू घाट, रानी घाट, बालू घाट, चौधरी टोला घाट और पथरी घाट पर करोड़ों रुपये खर्च कर शौचालयों का निर्माण कराया गया है, जिनकी देखरेख की जवाबदेही पटना नगर निगम को दी गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सभी शौचालयों की जगह गन्दगी का अम्बार है, दरवाजे टूटे हुए हैं, सीट पर भी गन्दगी है, जिस कारण इन शौचालयों का इस्तेमाल नहीं हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शौचालय की इस दुर्गति के लिए जिम्मेवार अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शौचालय को उपयोग लायक बनाना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

होटल को चालू

*22 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से संचालित होटल विहार का रेस्टोरेन्ट (आर ब्लॉक) पटना पिछले दो वर्षों से बन्द है;

(ख) क्या यह सही है कि होटल बन्द होने से लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है, होटल की बुकिंग बुरी तरह प्रभावित है, वहां ठहरने वाले लोगों को असुविधा हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक बन्द होटल को चालू कराएगी, नहीं तो क्यों?

दोषियों पर कार्रवाई

*23 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के दानापुर नगर परिषद् में वर्ष- 2021 में रोड स्वीपिंग मशीन खरीद में भारी अनियमितता की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि इसी रोड स्वीपिंग मशीन की खरीद में पटना नगर निगम और दानापुर नगर परिषद् के टेंडर में लगभग 26 लाख का अंतर पाया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि 76 लाख की मशीन के रख-रखाव पर एक करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामलों की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं तो क्यों?

अतिक्रमण से मुक्त

*24 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत अनीसाबाद स्थित मित्रमंडल कॉलोनी (साकेत विहार, शिवमंदिर के पास) से लेकर शिवनारायण चौक तक सड़क के किनारे स्थाई सब्जी दुकान तथा सब्जी फल के ठेला लगने के कारण सड़क सिमट कर दस फीट हो गई है, जिससे आए दिन जाम लगा रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि स्थायी सब्जी दुकान को बार-बार खाली कराने के बावजूद स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद से पुनः दुकानें लग जाती हैं;

(ग) क्या यह सही है कि स्थायी सब्जी दुकान लगने के कारण चार चक्का की गाड़ी सड़क पर लगाकर लोगों द्वारा सब्जी की खरीदारी की जाती है, जिसके कारण घंटों सड़क पर जाम रहता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्थायी सब्जी दुकान, फल का ठेला तथा सब्जी का ठेला हटवाकर स्थाई रूप से अतिक्रमित स्थल को अतिक्रमण से मुक्त कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

मुअत्तल कबतक

*25 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत प्रखंड- टेटिया बम्पर के अंचलाधिकारी श्री विनोद कुमार विगत माह सरकारी गाड़ी में सुशासन सरकार में शराब के नशा में सराबोर पाये गये;

(ख) क्या यह सही है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया समाचार एजेन्सी द्वारा यह काफी वायरल भी हुआ है लेकिन सरकार एवं विभाग द्वारा अबतक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि जिलाधिकारी, मुंगेर द्वारा भी अंचलाधिकारी के द्वारा शराब सेवन एवं महिला उत्पीड़न संबंधी शिकायत संबंधित विभाग को की गई है;

(घ) क्या यह सही है कि रिश्वत के एक मामले में जिलाधिकारी मुंगेर द्वारा दिये गये प्रतिवेदन के आलोक में विभाग द्वारा कार्रवाई अबतक लंबित है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शराबबंदी का उल्लंघन सरेआम करने, महिला उत्पीड़न करने एवं रिश्वत लेने के आरोप में अंचलाधिकारी टेटिया बम्पर को अविलम्ब सेवा से मुअत्तल करते हुए उनके ऊपर F.I.R. दर्ज करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

सडक का निर्माण

*26 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत कंकड़बाग कॉलोनी स्थित अशोक नगर रोड नम्बर 14, आर.एम.एस. कॉलोनी की सड़क जो बाइपास तक जाती है, अत्यंत जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि आर.एम.एस. कॉलोनी की सड़क गड्ढों में तब्दील हो गयी है, जिसके कारण स्थानीय निवासियों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड 'क' में वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है?

नाला का निर्माण

*27 **श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर नगर परिषद् अन्तर्गत सिनेमा हॉल चौक के निकट से एन.एच.- 104 पर फतहपुर वाल सुन्दर नदी तक सड़क के किनारे नाला का निर्माण कराने हेतु प्राक्कलन तैयार किया गया है परन्तु कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हो पाया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

क्रीमी लेयर

*28 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा)ः**

क्या **सामान्य प्रशासन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में मुंगेरी लाल आयोग की अनुशंसा के आलोक में आरक्षण लागू किया गया है, जिसमें क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र की आवश्यकता का प्रावधान नहीं था;

(ख) क्या यह सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा 2010, 2012 एवं पुनः 2021 वर्ष में अधिसूचना निकाली गई, जिसमें क्रीमी लेयर को राज्याधीन सेवाओं के लिए भी नन क्रीमी लेयर (NCL) की अनिवार्यता की गई;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र की अनिवार्यता करने का क्या औचित्य है?

तालाब का जीर्णोद्धार

*29 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा)ः**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत ग्राम- राजापुर, प्रखंड- कोईलवर, जिला- भोजपुर में मोहन के गढ़ा गांव के बीचोंबीच छोटा तालाब सरकारी जमीन पर अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि हजारों की संख्या में छठव्रती प्रत्येक साल मोहन के गढ़ा में छठ व्रत करती है एवं मेले का आयोजन होता है;

(ग) क्या यह सही है कि खण्ड 'क' में वर्णित मोहन के गढ़ा तालाब की स्थिति काफी

जीण-शीर्ण है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड ‘क’ में वर्णित मोहन के गढ़ा तालाब का जीर्णोद्धार प्राथमिकता के आधार पर धार्मिक दृष्टिकोण से यथाशीघ्र करना चाहती है ताकि छठव्रतियों को कठिनाई का सामना न करना पड़े?

पानी का कनेक्शन देने पर विचार

*30 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया)**:

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम, पटना के राजेन्द्र नगर मुहल्ला के रोड नं.- 10 पी.आर.डी.ए. फ्लैट में पानी कनेक्शन करीब 40 वर्ष पुराना है जिसके कारण ज्यादातर फ्लैट में पानी नहीं के बराबर मिल रहा है, जिसको मिल रहा है बहुत ही गंदा है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम द्वारा दिया जानेवाला पानी कनेक्शन की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि पानी के अभाव में फ्लैटवासी बाहर का पानी खरीदने पर मजबूर हो रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड ‘क’ में वर्णित फ्लैटवासियों के लिए पटना नगर निगम द्वारा पानी कनेक्शन अविलंब देने के लिए एक विशेष अभियान चलाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?